CCI NG 3.7 Product: HelloDelhiBS PubDate: 13-02-2026 Zone: HelloDelhi Edition: 1 Page: HDMMM User: cci Time: 02-12-2026 15:40 Color:



@tripti_dimri

# 'ऐक्ट्रेस बनने से पहले पैरेंट्स डरते थे, पर अब गर्व करते हैं'



तृप्ति डिमरी

CONTINUED FROM 1

तृप्ति डिमरी ने जब ऐक्टिंग में करियर बनाने का फैसला लिया था, तब उनके पैरेंट्स काफी डरे हुए थे। लेकिन क्या आज वे खुश हैं? इस पर वह कहती हैं, 'निश्चित तौर पर अब वे बहुत खुश हैं और गर्व महसूस करते हैं। हालांकि, शुरुआत में भी उनकी जो सोच थी, जो डर था, उसके लिए मैं उन्हें गलत नहीं मानती, क्योंकि उनके लिए मुंबई एक बिल्कुल नया शहर था। वे किसी को जानते नहीं थे। ऐसे में, अपने बच्चे को वहां भेजना हर माता-पिता के लिए मुश्किल फैसला होता है। फिर, उनको यह भी नहीं पता था कि मुझे ऐक्टिंग से इतना प्यार है। उन्हें लगता था कि इसको पढ़ना नहीं है, इसलिए ऐक्टिंग में जाना चाहती है (हंसती हैं)। लेकिन अब उन्हें बहुत गर्व होता है। कई बार वे मेरे इंटरव्यू चला देते हैं, जिस पर मैं झेंप जाती हूं। मगर वे बहुत ही ज्यादा खुश हैं और मैं खुश हूं कि वे खुश हैं।'

## गहरे समंदर में छोड़ देते हैं विशाल सर

फिल्म ओ रोमियो में अपने किरदार के बारे में वह बताती हैं, 'इस रोल को समझने में मुझे विशाल सर (डायरेक्टर विशाल भारद्वाज) से बहुत मदद मिली। हर फिल्म, हर किरदार के साथ हमारी एक जर्नी होती है, जहां उसको समझने के लिए आपको वक्त देना पड़ता है। मैंने भी अपने किरदार अफशां की चुनौतियां, परिस्थितियां आदि समझने की कोशिश की। उससे काफी कुछ सीखने को मिला। अगर मैं वह नहीं करती तो पहले दिन बहुत नर्वस होती। उसके अलावा, विशाल सर के साथ काम करना अपने में ही एक ऐक्टिंग वर्कशॉप है। वह कई बार आपको गहरे समंदर में छोड़ देते हैं। आपको लगेगा कि आपको सीन का सुर पता है पर फिर आपको पता चलेगा कि नहीं, यह तो कुछ अलग है।'

# परफेक्ट बॉडी जैसा कुछ भी नहीं होता: एंजेलिना जोली

मशहूर ऐक्ट्रेस एंजेलिना जोली रील के साथ-साथ रियल लाइफ में भी महिलाओं को प्रेरित करती रहती हैं। अब उन्होंने खूबसूरती के पीछे भाग रहे लोगों को मैसेज दिया है और कहा है कि हमें अपने शरीर को उसी रूप में स्वीकार करना चाहिए, जैसा वह है, भले ही उसमें दाग ही क्यों ना हो। एंजेलिना ने 2013 में डबल मास्टेक्टॉमी (ब्रेस्ट निकालने की सर्जरी) कराई थी, जिसके निशान उनके शरीर पर आज भी हैं। एंजेलिना कहती हैं, 'मेरे सर्जरी के निशान उस चुनाव का हिस्सा हैं जो मैंने अपने बच्चों के साथ समय बिताने के लिए किया था। मुझे अपने निशानों से प्यार है।'

> मैं कभी भी किसी ऐसी परफेक्ट लाइफ की तरफ बिल्कुल भी आकर्षित नहीं होती, जिसमें कोई दाग या निशान ही न हो




एंजेलिना जोली






# आमिर ने पठान के वायरल डायलॉग पर दिया अपना जवाब




पठान में शाहरुख-सलमान संग आए थे नजर

शाहरुख खान की फिल्म पठान में सलमान खान के कैमियो की खूब वाहवाही हुई थी। इन दोनों के एक सीन का डायलॉग भी खूब वायरल हुआ था जिसमें वे कहते हैं कि बच्चों पर देश की जिम्मेदारी नहीं छोड़ सकते। इस डायलॉग को फैंस ने इंडस्ट्री के दो सुपरस्टार्स की तरफ से अपनी नई पीढ़ी के लिए एक मैसेज समझा था। हालांकि इस पर अब आमिर खान ने जवाब दिया है। आमिर ने कहा है कि नई पीढ़ी समझदार है और टैलंटेड भी। उन्होंने कहा, 'बगैर नाम लिए भी लोगों ने समझ लिया था कि शाहरुख-सलमान उस सीन में क्या कहना चाह रहे हैं। लेकिन आज वही यंग ऐक्टर्स अपने काम से साबित कर रहे हैं कि वे पूरी तरह तैयार हैं और हमें कड़ी टक्कर दे सकते हैं। छावा में विकी कौशल, एनिमल में रणबीर कपूर और धुरंधर में रणवीर सिंह, यह सभी नाम मौजूद हैं। वह हमारी जगह लेने की पूरी क्षमता रखते हैं। मैं कहूंगा कि वह बेहद टैलंटेड हैं। शायद हमसे भी ज्यादा टैलंटेड। उन्होंने बगैर कुछ कहे, सिर्फ अपने काम से जवाब दिया है। यह बेहद ही कमाल की बात है। मैं इसकी बहुत कद्र करता हूं।'

> नई पीढ़ी हमारी जगह लेने की क्षमता रखती है। आज के यंग ऐक्टर्स हमसे भी ज्यादा टैलंटेड हैं



आमिर खान




**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in